कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :- (07562)224706 ई-मेल:-heggcseh@mp.gov.in
वेब www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

क्रमांक 781 / 2019 / सीहोर, दिनांक 03 / 07 / 2019

# ''प्रतिवेदन''

## ''अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर कार्यक्रम''

शा. कन्या महाविद्यालय सीहोर में दिनांक 26 जून 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशीले पदार्थो के दुरूपयोग और अवैध व्यापार के विरूद्ध अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री गणेश लाल जैन की अध्यक्षता एवं समाजशास्त्र विभाग की सहा. प्रा. श्रीमती अर्चना चौहान के मुख्य व्याख्यान के साथ किया गया। सर्वप्रथम श्रीमती अर्चना चौहान ने विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि आज नशे की प्रवृत्ति लड़कों के साथ-साथ लड़कियों मे भी बढ़ रही है इसलिये महिलाओं को भी ध्यान देना होगा कि वे नशे से दूर रहे व अपने आस-पास के लोगों को समझायें क्योंकि नशा न केवल खुद का जीवन बर्बाद करता है बल्कि पारिवारिक, सामाजिक, नैतिक, धार्मिक मूल्यों का भी हनन करता है। राजनीति विज्ञान विभाग की अतिथि विद्वान डॉ. नीता मिश्रा ने कहा कि आजकल ट्रेनों में और अपने आस-पास के क्षेत्रों में लड़कियॉ भी नशे की ओर प्रवृत्त होती दिखाई देती हैं जो कि उचित नहीं है। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. प्रतिभा सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकांश व्यक्तियों का मानना है कि कन्या महाविद्यालय में नशा निवारण दिवस मनाने का क्या औचित्य परन्तु नशे से दूर व्यक्ति अपने संस्कारों व इच्छाशक्ति से ही रह सकता है और यह एक महिला ही कर सकती है कि वह अपनी संतान को अच्छे संस्कार दे और अपने भाई, पिता व पति की इच्छाशक्ति को इतना मजबूत बनाये रखे कि वे नशे की ओर प्रवृत्त न हो क्योंकि नशे की प्रवृत्ति और कई बुराइयों को जन्म

देती है और अपने आस–पास भी यदि किसी को नशा करते हुए देखें तो उन्हें रोकने व समझाने का प्रयास करना अपना उत्तरदायित्व समझें। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे श्री जैन सर ने कहा कि नारी में असीम शक्ति होती है वह सृष्टि की सृजनकर्ता होती है वह चाहे तो अपने आस–पास के लोगों को इस बुराई से दूर रख सकती हैं इस हेतु उसे बहुत धैर्य के साथ उनको समझाना होगा। नशा करने वाला व्यक्ति झूठ बोलता है और अन्य कई गलत मार्गों की ओर अग्रसर होता है।

इसके पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं ने नशे के कारण अपने परिवार में होने वाली समस्याओं को बताया और उनके हल पूछे। मंच पर उपस्थित जनों ने उन्हे इसके यथासंभव हल बताये और धैर्य के साथ नशा करने वाले व्यक्ति से अच्छा व्यवहार करने को कहा। साथ ही छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की दीवारों पर तथा आस–पास के क्षेत्र में नशा मुक्ति के पेम्प्लेट्स लगा कर नशा मुक्ति अभियान चलाया। इसी कड़ी में छात्राओं ने महाविद्यालयीन परिसर व छात्रावास में नशे की बुराइयों व इससे होने वाले नुकसानों से अवगत करवाते हुए पोस्टर चिपकाये और महाविद्यालय के आस–पास के क्षेत्रो में मेडिकल स्टोर, दुकानों, कॉलोनी, मे भ्रमण कर लोगों को इससे होने वाले नुकसान से अवगत करवाया।

कार्यक्रम में रसायनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा शर्मा एवं महाविद्यालय के अन्य स्टाफ मे श्रीमती लक्ष्मी दासवानी, मालती, सरिता एवं महाविद्यालय की छात्रायें उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन रा.से.यो. स्वयं सेवक कु. पूर्वी ठाकुर ने तथा आभार व्यक्त डॉ. प्रतिभा सोनी ने किया।

03-7-19

प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

E:\GIRLS COLLEGE DOWNLOAD\Prativedan 2.docx


शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर
नशा मुक्ति अभि



शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर
Drugs
&
Alcohol
नशा मुक्ति अभियान



शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर
नशा मुक्ति अभियान




UPSC (IAS/IPS)
(PRELIMS + MAINS +INTERVIEW)
"Kill The Tobacco
Before Hi Kill You "
QUIT
GS Academy
An Institute for general Studies
SEHORE
1st FLOOR, RANVEER PLAZA, MAIN ROAD
ENGLISH PURA, SEHORE (M.P.)
7247064725/6264599412
सीहोर महाविद्यालय
SEHORE COLLEGE


शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर
Drugs & Alcohol
नशा मुक्ति अभियान


सूर्य नमस्कार




नशा छोड़ो
घर को जोड़ो
बोतल तोड़ो
St it Now !


नशा